कार्यालय–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देवास (म0प्र0)

कमांक– 059/S.W./F-35/2026 **देवास, दिनांक–03/11/2026**

:0: आदेश :0:

माननीय म. प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर के आदेश क्रमांक–**1164/Confdl./II-2-1/2026** दिनांक–19.10.2026 अनुसार, इस न्यायिक जिला स्थापना की तहसील खातेगांव में कार्यरत **श्रीमती सीता कनौजे, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, खातेगांव** का स्थानांतरण अन्य न्यायिक स्थापना पर किया गया है, किन्तु उनके स्थान पर किसी अन्य न्यायिक अधिकारी की पदस्थापना न होने से **प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश,** खातेगांव का न्यायालय वर्तमान में रिक्त है।

अतः माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय के निर्देशानुसार, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, खातेगांव के न्यायालय में वर्तमान में **लंबित सभी संवर्ग के समस्त–सिविल एवं आपराधिक प्रकरण व अन्य सभी विविध कार्यवाहियों से सम्बंधित पत्रावलियों** को उक्त न्यायालय से प्रत्याहरित करते हुए, विधिवत् सुनवाई एवं निराकरण हेतु **श्री विवेक शिवहरे, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, खातेगांव, जिला–देवास** के न्यायालय में अंतरित किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगा।

माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय द्वारा अनुमोदित ।

कृते–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
देवास (म0प्र0)

पृष्ठांकन क्रमांक/4225/S.W./F-35/2026 देवास, दिनांक–03/11/2026

प्रतिलिपिः–

01. श्री विवेक शिवहरे, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश खातेगांव, जिला–देवास की ओर सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
02. प्रस्तुतकार, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, खातेगांव, (रिक्त न्यायालय) जिला–देवास की ओर इस इस निर्देश सहित अग्रेषित कि उक्त आदेशानुसार, समस्त अंतरित प्रकरणों/पत्रावली इत्यादि की पृथक–पृथक संवर्गवार सूचियां तैयार कर द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, खातेगांव के न्यायालय में प्रकरण अविलंब प्रेषित करते हुए उक्त इस आदेश के अनुपालन सम्बंधी प्रतिवेदन सूचियों सहित अविलम्ब इस कार्यालय को प्रेषित करें।
03. प्रभारी अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग, सिविल न्यायालय, खातेगांव, जिला–देवास की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
04. प्रस्तुतकार, माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय, देवास की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
05. अध्यक्ष, अभिभाषक संघ खातेगांव, जिला–देवास की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
06. जुनियर सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, देवास, की ओर उक्त आदेश को जिला न्यायालय, देवास की वेबसाईट पर अपलोड करने के निर्देश सहित अग्रेषित।

कृते–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
देवास (म0प्र0)